संदेश

ईस्टर के पावन अवसर पर, मैं भारत और विदेश में रह रहे सभी देशवासियों को, विशेष रूप से ईसाई समुदाय के लोगों को बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

प्रभु यीशु मसीह के पुनर्जीवन की स्मृति में मनाया जाने वाला उल्लास का यह त्योहार प्रेम और करूणा का प्रतीक है। यीशु मसीह ने सत्य और न्याय के लिए बलिदान देकर हमें प्रेम और क्षमा का संदेश दिया है। उनका जीवन करूणा और त्याग का अनुपम उदाहरण है।

आइए, हम प्रभु यीशु मसीह के जीवन मूल्यों को अपनाकर समाज में प्रेम और सौहार्द को बढ़ाएं तथा राष्ट्र निर्माण के उत्थान का संकल्प लें।

****